आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–28 नवम्बर 2025 सान्ध्य समाचार

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु आज प्रदेश दौरे पर लखनऊ पहुंचीं। उन्होंने ब्रह्माकुमारी के दो हजार पचीस–छब्बीस के वार्षिक विषय, 'विश्व एकता और विश्वास के लिए ध्यान' कार्यक्रम के उद्‌घाटन समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार समाज को अधिक समावेशी, शांतिपूर्ण, स्वस्थ और मूल्य–आधारित बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। योग और ध्यान को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देना तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अभियान का नेतृत्व करना ऐसी ही पहल हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की प्राचीन सभ्यता ने सदैव दुनिया को वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश दिया है।

भारत की प्राचीन सभ्यता और संस्कृति ने सदैव विश्व को वसुधैव कुटम्बकम का संदेश दिया। अर्थात सम्पूर्ण विश्व हमारा परिवार है। आज जब विश्व कई चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब ये विचार और अधिक प्रासंगिक बन गया है। इस महान संकट को सिद्ध करने के लिए इस अभियान का प्रभावी योगदान रहेगा। मैं इस अभियान के शुभारंभ के लिए ब्रह्मकुमारीज परिवार के सभी सदस्यों को बहुत–बहुत बधाई देती हूं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अपने मन पर नियंत्रण रखना अत्यंत आवश्यक है और हमारे प्राचीन साहित्य तथा परंपराओं में भी इसकी चर्चा है।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति ने पांच महिलाओं और पांच पुरुषों को ध्वज तथा कलश वितरित किए। राष्ट्रपति लखनऊ में ही भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के हीरक जयंती के समापन समारोह में भी शामिल हुयीं।

****

प्रदेश सरकार ने स्पष्ट किया है कि आधार कार्ड अब जन्म प्रमाण पत्र या जन्मतिथि के प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किए जाएँगे। यह निर्देश राज्य के नियोजन विभाग द्वारा जारी किया गया है। विभाग के विशेष सचिव अमित सिंह बंसल ने सभी विभागों को जन्म संबंधी सत्यापन के लिए आधार कार्ड स्वीकार न करने का निर्देश दिया है। विभाग ने जोर देकर कहा है कि आधार कार्ड मुख्य रूप से एक पहचान और पते का प्रमाण है, न कि जन्म संबंधी जानकारी दर्ज करने वाला दस्तावेज।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस रविवार को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में लोगों को सम्बोधित करेंगे। यह कार्यक्रम सुबह ग्यारह बजे प्रसारित होगा। प्रधानमंत्री के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात की यह एक सौ अट्ठाइसवीं कड़ी होगी।

****

नरेन्द्र मोदी सरकार के विभिन्न क्षेत्रों में जीएसटी दर घटाने के बाद, बाइस सितम्बर को शुरू हुए जीएसटी बचत उत्सव से देशभर के नागरिकों को लाभ हो रहा है। एक रिपोर्ट–

नए जीएसटी सुधारों के अंतर्गत स्टेशनरी उपकरणों पर कर की दरें कम होने से आम आदमी को बड़ी राहत मिली है इसके अलावा सरकार के इस निर्णय से शिक्षा को भी बढ़ावा मिला है। इन सुधारों के तहत पेंसिल, शॉर्पनर, अभ्यास पुस्तिकाएं, ग्राफ पुस्तिक, मानचित्र और चार्ट जैसी वस्तुएं अभी पुरी तरह से कर मुक्त है। वहीं इरेजर पर लगने वाले पांच प्रतिशत कर को भी पूर्ण रूप से हटा दिया गया है। रोहन के साथ अक्षित कुमार वैद्यान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

****

छप्पनवां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्मोत्सव–इफ्फी आज गोवा की राजधानी पणजी में एक भव्य समापन समारोह के साथ समाप्त हो रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस समारोह में गोवा के मुख्य मंत्री प्रमोद सावंत सूचना और प्रसारण सचिव, संजय जाजू और समारोह के अध्यक्ष, शेखर कपूर के साथ कई गणमान्य लोग शामिल होंगे।

****

पूर्व मंत्री और समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां को आपत्तिजनक टिप्पणी के एक मामले में रामपुर की एमपी–एमएलए कोर्ट ने आज बरी कर दिया। आजम खां पर पूर्व सांसद स्वर्गीय अमर सिंह के परिवार के खिलाफ एक इंटरव्यू के दौरान आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप था।

****

मिर्जापुर जिले के कछवां थाना क्षेत्र में आज सुबह एक अनियंत्रित कार से हुए हादसे में कार सवार दो लोगों सहित कुल चार लोगों की मौत हो गई। हमारे मिर्जापुर प्रतिनिधि ने बताया कि प्रयागराज से वाराणसी जा रही यह कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे दो लोगों को टक्कर मारते हुए एक कंटेनर में घुस गई। हादसे में सड़क किनारे खड़े दोनों लोगों की भी मौत हो गई।

****

प्रदेश में धीरे–धीरे ठंड का असर बढ़ने लगा है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के बाद प्रदेश के अधिकतम तापमान में करीब दो डिग्री सेल्सियस के गिरावट की संभावना जताई है। न्यूनतम तापमान में अगले दो दिनों के दौरान दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होगी और इसके बाद दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। विभाग के मुताबिक चार दिसम्बर तक मौसम शुष्क रहेगा। साथ ही इस अवधि में सुबह के समय कहीं–कहीं हल्के से मध्यम कोहरे की भी संभावना है।

****